भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3991

दिनांक 17 मार्च, 2026

कृषि विज्ञान केंद्रों का विस्तार

3991. श्री अरविंद गणपत सावंत:
श्री संजय उत्तमराव देशमुख:

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देशभर में कृषि विज्ञान केंद्रों की स्थापना की गई है;

(ख) देश में कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) का राज्य-वार और महाराष्ट्र में जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस संबंध में आकांक्षी जिलों पर विशेष ध्यान दिया गया है और यदि हां, तो विशेषकर महाराष्ट्र के लिए तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या देश के अधिकांश जिलों में दो कृषि विज्ञान केन्द्र कार्य कर रहे हैं;

(ड.) यदि हां, तो महाराष्ट्र के संदर्भ में तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और महाराष्ट्र के वाशिम जिले, जो आकांक्षी जिलों में शामिल है, में केवल एक कृषि विज्ञान केन्द्र को संचालित करने के पीछे क्या कारण हैं;

(च) क्या सरकार की महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों में और अधिक कृषि विज्ञान केन्द्र खोलने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(छ) देश में, विशेषकर महाराष्ट्र में किसानों को अधिक से अधिक तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण, नवाचार और आधुनिक कृषि पद्धतियों का लाभ मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री
(श्री भागीरथ चौधरी)

(क) एवं (ख) : जी हां, पूरे देश में कृषि विज्ञान केन्द्रों (केवीके) की कुल संख्या 731 है। कृषि विज्ञान केन्द्रों की राज्य एवं जिलावार सूची **अनुबंध-I** में संलग्न है।

(ग) : जी हां, कृषि विज्ञान केन्द्र प्रणाली के तहत आकांक्षी जिलों पर विशेष ध्यान दिया गया है। भारत सरकार द्वारा नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रमों के अधीन इन जिलों को प्राथमिकता दी गई है ताकि मुख्य क्षेत्रों जिसमें कृषि भी शामिल हैं, के विकास में गति दी जा सके। तदनुसार, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने स्थान विशिष्ट प्रौद्योगिकियों, किसानों के क्षमता निर्माण, जलवायु अनुकूल कृषि, पोषण-संवेदनशील युक्तियों और आजीविका विविधिकरण पर ध्यान केन्द्रित करके इन जिलों में कृषि विज्ञान केन्द्रों की भूमिका को सुदृढ़ किया है। कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से विशेष कार्यक्रम, प्रदर्शन और प्रशिक्षण कार्यकलापों का आयोजन किया जाता है ताकि इन आकांक्षी जिलों में कृषि उत्पादकता में सुधार हो सके और समग्र ग्रामीण विकास हो सके।

(घ) : केवल 93 जिलों में दो कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) कार्यरत हैं। इनकी सूची **अनुबंध-।।** में संलग्न है।

(ङ) : महाराष्ट्र में, विभिन्न मेजबान संस्थानों जैसे राज्य कृषि-विश्वविद्यालयों, भाकृअनुप संस्थानों, एनजीओ और अन्य संगठनों के तहत 50 कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) कार्यरत हैं। कुछ बड़े जिलों में दो कृषि विज्ञान केन्द्र कार्यरत हैं ताकि व्यापक भौगोलिक क्षेत्र में और किसानों के लिए प्रबंधन का कार्य किया जा सके। तथापि, वाशिम जिले में केवल एक ही कृषि विज्ञान केन्द्र, कर्दा (रिसोद) में कार्यरत है जो खेत पर परीक्षण, अग्रपंक्ति परीक्षण, प्रशिक्षण कार्यक्रम करके और किसानों को प्रौद्योगिकी के बारे में जानकारी देकर पूरे जिले के कृषि समुदायों के लिए कार्य कर रहा है। वाशिम जिले में केवल एक ही कृषि विज्ञान केन्द्र है क्योंकि यह जिले के सभी तालुकों को कवर करके कृषि प्रौद्योगिकियों को हस्तांतरित करने, उत्पादकता में सुधार लाने और क्षेत्र में किसानों की आजीविका को सुदृढ़ बनाने का कार्य करता है। एक से अधिक कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना केवल उन्हीं बड़े जिलों में की जाती है जहां कुल फसल बोवाई क्षेत्र और ग्रामीण जनसंख्या, अतिरिक्त केन्द्रों की आवश्यकता के अनुरूप हो।

(च) : महाराष्ट्र राज्य में 36 जिले हैं और महाराष्ट्र के इन जिलों में 50 कृषि विज्ञान केन्द्रों की स्थापना की गई है। राष्ट्रीय कृषि आयोग (1976) ने ''अनुसंधान, शिक्षा और विस्तार'' संबंधी अपनी रिपोर्ट में प्रत्येक जिले में केवल एक कृषि विज्ञान केन्द्र खोलने की सिफारिश की है। हाल ही में बनाए गए नए जिलों में निर्धारित प्रक्रिया और दिशानिर्देशों के अनुसार नया कृषि विज्ञान केन्द्र खोलना, एक सतत प्रक्रिया है।

(छ) : प्रौद्योगिकी मूल्यांकन, प्रदर्शन और किसानों की क्षमता में विकास करके कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में आधुनिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए महाराष्ट्र के 50 कृषि विज्ञान केन्द्रों सहित देशभर में 731 कृषि विज्ञान केन्द्रों (केवीके) का नेटवर्क है।

कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा किए गए मुख्य कार्यकलापों में विभिन्न कृषि प्रणालियों के तहत प्रौद्योगिकियों की स्थान विशिष्ट उपयुक्तता निर्धारित करने के लिए खेत पर परीक्षण (ओएफटी); उन्नत कृषि प्रौद्योगिकियों से उत्पादन संभावना प्रदर्शित करने के लिए किसानों के खेत में अग्रपंक्ति प्रदर्शन (एफएलडी) और आधुनिक कृषि पद्धतियों में उनका ज्ञान और कौशल बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल है। कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा गुणवत्ता वाले बीज, रोपण सामग्रियों और अन्य प्रौद्योगिकी इनपुट से संबंधित कार्य भी किया जाता है ताकि किसानों के लिए इसकी उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

इसके अतिरिक्त जागरूकता लाने और ऐसी व्यवस्था करने जिससे उन्नत प्रौद्योगिकियों को अधिक से अधिक किसान अपना सकें, इसके लिए कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा फील्ड डे, किसान-वैज्ञानिक वार्ता, ज्ञानवर्धन दौरा और परामर्शी कार्य जैसे कई विस्तार कार्यकलापों का आयोजन किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, किसानों को डिजिटल प्लेटफार्म किसान सारथी के माध्यम से समय पर तकनीकी मार्गदर्शन एवं परामर्श भी दिया जाता है जिससे किसानों को कृषि विज्ञान केन्द्रों, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों से फसल उत्पादन, पादप संरक्षण, पशुधन प्रबंधन और अन्य कृषि पद्धतियों के संबंध में प्रत्यक्ष रूप से विशेषज्ञ का परामर्श प्राप्त होता है।

****

अनुबंध- I

{लोक सभा के दिनांक 17.03.2026 के अतारांकित प्रश्न सं. 3991 का भाग (क) एवं (ख)}

कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) की राज्यवार ज़िलेवार सूची

क्र. सं.	राज्य/केंद्र शासित प्रदेश	केवीके वाले जिलों के नाम	केवीके की संख्या
1.	**पंजाब**	फरीदकोट, गुरदासपुर, फिरोजपुर, बठिंडा, होशियारपुर, पटियाला, कपूरथला, संगरूर, नवांशहर, रूपनगर, लुधियाना, अमृतसर, मुक्तसर, फतेहगढ़ साहिब, मोगा, जालंधर, मनसा, तरनतारन, बरनाला, साहिबजादा अजीत सिंह नगर (मोहाली), फाजिल्का, पठानकोट,	**22**
2.	**उत्तराखंड**	चम्पावत, टिहरी गढ़वाल, नैनीताल, चमोली, हरिद्वार, अल्मोड़ा, पौड़ी गढ़वाल, रुद्र प्रयाग, उधमसिंह नगर, पिथौरागढ़, देहरादून, उत्तराकांशी , बागेश्वर ,	**13**
3.	**हिमाचल प्रदेश**	कुल्लू, ऊना, मंडी, सिरमौर, हमीरपुर, कांगड़ा, बिलासपुर, किन्नौर, चंबा, शिमला, सोलन, लाहौल और स्पीति	**13**
4.	**जम्मू और कश्मीर**	जम्मू, राजौरी, डोडा, उधमपुर, पुंछ, पुलवामा, श्रीनगर, गंदारबल, बडगाम, बारामुल्ला, कुपवाड़ा, अनंतनाग, कठुआ, कुलगाम , शोपियां, सांबा, किश्तवाड़, रामबन , बांदीपोरा	**20**
5.	**लद्दाख (संघ शासित प्रदेश)**	लेह, कारगिल	**04**
6.	**राजस्थान**	दौसा, झुंझुनू, सवाई माधोपुर, अजमेर, धौलपुर, भरतपुर, श्रीगंगानगर , करौली , डूंगरपुर, बांसवाड़ा , बारां, सिरोही, चित्तौड़गढ़, कोटा, बूंदी, झालावाड़, राजसमंद, टोंक, प्रतापगढ़, अलवर, चूरू, उदयपुर, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, जयपुर, हनुमानगढ़, बाड़मेर, नागौर , भीलवाड़ा, जालौर, पाली, सीकर	**47**
7.	**दिल्ली**	उजवा (नई दिल्ली)	**1**
8.	**हरियाणा**	पानीपत, कैथल, जींद, हिसार, कुरुक्षेत्र, फरीदाबाद, यमुनानगर , सोनीपत, रोहतक, सिरसा, महेंद्रगढ़ , फतेहाबाद , झज्जर, भिवानी, करनाल, गुड़गांव, अंबाला, रेवाड़ी,	**18**
9.	**उत्तर प्रदेश**	सहजहांपुर, बिजनौर, सहारनपुर, गाजियाबाद, रामपुर, मेरठ, पीलीभीत, बागपत, गौतमबुद्ध नगर, बलिया, मऊ, वाराणसी, बस्ती, फैजाबाद, महाराजगंज , सोनभद्र , सिद्धार्थ नगर, बाराबंकी , चंदौली , बलरामपुर, संत कबीर नगर, मथुरा, झांसी, फतेहपुर, अलीगढ़, कानपुर (देहात), मैनपुरी, महोबा , इटावा, कन्नौज, फिरोजाबाद, हमीरपुर, जालौन,	**89**

क्र. सं.	राज्य/केंद्र शासित प्रदेश	केवीके वाले जिलों के नाम	केवीके की संख्या
		ललितपुर, फर्रुखाबाद, लखनऊ, बरेली, कुशीनगर, एटा, आगरा, संत रविदास नगर, मिर्जापुर, बुलंदशहर , चित्रकूट, उन्नाव , प्रतापगढ़ , कौशाम्बी , औरैया , देवरिया , महामायानगर , बांदा, अंबेडकर नगर, कासगंज , अमेठी , संभल, शामली , अमरोहा, हापुड़, श्रावस्ती , सीतापुर, गोरखपुर, बदायूं , बहराइच , गोंडा, सुल्तानपुर, जौनपुर , गाजीपुर, मुजफ्फरनगर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, मुरादाबाद, प्रयागराज, आजमगढ़, रायबरेली	
10.	**झारखंड**	पश्चिमी सिंहभूम , दुमका, पलामू , पाकुड़ , लोहरदंगा , गिरिडीह , बोकारो, पूर्वी सिंहभूम , साहिबगंज, चतरा , गढ़वा , धनबाद, सिमडेगा , लातेहार , जामताड़ा , कोडरमा , देवघर, रांची, हजारीबाग, गुमला , गोड्डा, सरायकेला , खूंटी , रामगढ़,	**24**
11.	**बिहार**	मुंगेर, दरभंगा, वैशाली, बेगूसराय , सहरसा, नालंदा, बांका, पटना, शेखपुरा , मधेपुरा , भागलपुर , रोहतास, अररिया, पूर्णिया , कटिहार, सीवान, जहानाबाद , सारण, सुपौल , शिवहर , औरंगाबाद, लखीसराय , किशनगंज, गोपालगंज, बक्सर, भोजपुर , नवादा , कैमूर , जमुई , खगड़िया , सीतामढ़ी, अरवल , मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर , मधुबनी, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गया	**44**
12.	**अंडमान व निकोबार द्वीप समूह**	पोर्ट ब्लेयर, निकोबार, उत्तर और मध्य अंडमान (मायाबंदर)	**3**
13.	**पश्चिम बंगाल**	दार्जिलिंग, कूचबिहार , दक्षिण दिनाजपुर, उत्तर दिनाजपुर, हावड़ा, हुगली , जलपाईगुड़ी, पश्चिम मिदनापुर, पुरुलिया, बर्दमान , बीरभूम, बांकुरा, पूर्व मिदनापुर, दक्षिण 24 परगना, उत्तर 24 परगना, मालदा, नादिया, मुर्शिदाबाद	**23**
14.	**ओडिशा**	कोरापुट, केंद्रापड़ा , क्योंझर , बालासोर, बरगढ़, कंधमाल (फूलबानी), कालाहांडी, जयपुर, ढेंकनाल, कटक, देवघर, अंगुल, भद्रक, नबरंगपुर , नयागढ़ , संबलपुर, जगतसिंहपुर, गजपति, रायगढ़ , नुआपाड़ा , बौध , सोनेपुर , मलकानगिरी, झारसुगुड़ा, पुरी, खुर्दा, बोलनगीर, गंजम, मयूरभंज, सुंदरगढ़	**33**
15.	**सिक्किम**	पूर्वी सिक्किम, उत्तरी सिक्किम, पश्चिमी सिक्किम, दक्षिणी सिक्किम,	**4**
16.	**अरुणाचल प्रदेश**	पश्चिमी सियांग, पश्चिमी कामेंग, तिरप, निचली दिबांग घाटी, निचली सुबनसिरी , पापुमपारे , ऊपरी सियांग, पूर्वी कामेंग, तवांग, लोहित, ऊपरी सुबनसिरी , पूर्वी सियांग, चांगलांग , अंजॉ, लौंगडिंग , कुरुंग कुमे, दिबांग घाटी	**17**

क्र. सं.	राज्य/केंद्र शासित प्रदेश	केवीके वाले जिलों के नाम	केवीके की संख्या
17.	**असम**	सोनितपुर, कछार, गोलाघाट , कोकराझार, सिबसागर, नलबाड़ी , बारपेटा , चिरांग , कार्बी आंगलोंग, कामरूप, उत्तर लखीमपुर, नागांव, तिनसुकिया, करीमगंज , धुबरी, धेमाजी , डिब्रूगढ़, दारांग, जोरहाट, गोलपाड़ा, हैलाकांडी , उदलगुरी, बस्का, मोरिंगांव, बोंगाईगांव , दीमा हसाओ।	**26**
18.	**मणिपुर**	इंफाल पश्चिम, चुराचांदपुर, तामेंगलोंग , चंदेल, सेनापति, बिष्णुपुर, इंफाल पूर्व, थौबल, उखरूल,	**9**
19.	**मेघालय**	पश्चिमी गारो हिल्स, रि- भोई, जैंतिया हिल्स, पूर्वी खासी हिल्स, पश्चिमी खासी हिल्स, दक्षिणी गारो हिल्स, पूर्वी गारो हिल्स।	**7**
20.	**मिजोरम**	लुंगलेई , कोलासिब , चिमटुइपुई , लॉन्ग्टलाई , मम्मिट , चम्फाई , सेरछिप, आइज़ोल ,	**8**
21.	**नागालैंड**	दीमापुर, मेदज़िफेमा , वोखा , मोकोकचुंग , कोहिमा, तुएनसांग , मोन, ज़ुन्हेबोटो , लाओंगलेंग , पेरेन, किफिरे	**11**
22.	**त्रिपुरा**	खोवाई (पश्चिम त्रिपुरा), दक्षिण त्रिपुरा, धलाई , उत्तर त्रिपुरा, पश्चिम त्रिपुरा, गोमती, उनाकोटी , सेपाहिजाला ,	**8**
23.	**गोवा**	उत्तरी गोवा, दक्षिणी गोवा	**2**
24.	**गुजरात**	साबरकांठा , दाहोद, आनंद, अहमदाबाद, डांग, सूरत, नवसारी, नर्मदा, अमरेली, जामनगर, पोरबंदर, सुरेन्द्रनगर , गांधीनगर, वलसाड, खेड़ा, पंचमहल , मेहसाणा, भरूच, वडोदरा, पाटन, भावनगर, जूनागढ़, तापी, मोरबी, बनासकांठा, कच्छ , राजकोट	**30**
25.	**महाराष्ट्र**	वर्धा, भंडारा, चंद्रपुर, गोंदिया , गोडचिरोली , उस्मानाबाद, रत्नागिरी, रायगढ़ , धुले, परभणी , वाशिम , सिंधुदुर्ग, हिंगोली, नंदुरबार , लातूर, अकोला, अहमदनगर, अमरावती , औरंगाबाद, बीड, जालना, बुलढाणा, जलगाँव , नांदेड़, नासिक , पुणे , यवतमाल , सतारा, सोलापुर, कोल्हापुर, सांगली , नागपुर, थाने	**50**
26.	**मध्य प्रदेश**	झाबुआ , सीधी, शहडोल , खंडवा, टीकमगढ़, सिवनी , भिंड, राजगढ़ , गुना, बालाघाट , बैतूल, पन्ना, डिंडोरी , ग्वालियर, रीवा, होशंगाबाद , मुरैना, खरगोन, शाजापुर , उज्जैन, मंदसौर , जबलपुर, हरदा, दमोह , नरसिंहपुर , देवास , पड़रिया , छतरपुर , शिवपुरी, नीमच , मंडला, बड़वानी , उमरिया , श्योपुर , दतिया, भोपाल, रतलाम, विदिशा, सतना, इंदौर, सीहोर , रायसेन , बुरहानपुर , अशोकनगर , अनूपपुर , आगर मालवा, अलीराजपुर , सिंगरौली , धार, छिंदवाड़ा , सागर	**54**
27.	**छत्तीसगढ**	बिलासपुर, बलौदा बाजार, सूरजपुर , बस्तर, जांजगीर -चांपा, रायगढ़ , धमतरी , रायपुर, महासमुंद , दंतेवाड़ा, कोरबा, जशपुर , कांकेर , कवर्धा , कोरिया, राजनांदगांव, नारायणपुर , बीजापुर , सरगुजा, गरियाबंद , बेमेतरा , मुंगेली , बलरामपुर, बालोद , सुकमा, कोंडागांव , दुर्ग	**28**

क्र. सं.	राज्य/केंद्र शासित प्रदेश	केवीके वाले जिलों के नाम	केवीके की संख्या
28.	**आंध्र प्रदेश**	श्रीकाकुलम , विजयनगरम, अनंतपुर , चित्तूर, पूर्वी गोदावरी, गुंटूर, कृष्णा, कुरनूल, नेल्लोर, प्रकाशम , विशाखापत्तनम, पश्चिम गोदावरी, कडप्पा	**24**
29.	**पुदुचेरी**	कराईकल, पुडुचेरी , यानम,	**3**
30.	**तमिलनाडु**	सलेम, कुड्डालोर , त्रिचिरापल्ली , पेरम्बलुर , पुदुकोट्टई, रामनाथपुरम , कन्याकुमारी, मदुरै, वेल्लोर, तिरुवल्लूर , तिरुवरुर , नागपट्टिनम , विरुधुनगर, धर्मपुरी, कांचीपुरम, शिवगंगा , नमक्कल, डिंडीगुल , कोयंबटूर, थेनी, नीलगिरी, तिरुवन्नामलाई, तिरुनेलवेली, कृष्णगिरी , तंजावुर, तूतीकोरिन, करूर, अरियालुर , इरोड, तिरुप्पुर , विल्लुपुरम	**32**
31.	**तेलंगाना**	आदिलाबाद, निज़ामाबाद, रंगा रेड्डी, मंचेरियल, करीमनगर, नलगोंडा, खम्मम, मेडक, महबूबनगर , वारंगल	**16**
32.	**कर्नाटक**	रायचूर, हावेरी, बीदर, धारवाड़, कोप्पल , उत्तर कन्नड़, बागलकोट, हासन, मंड्या, शिमोगा , उडुपी , चित्रदुर्ग , चिकमंगलूर , दक्षिण कन्नड़, चामराजनगर , कोलार, बेंगलुरु ग्रामीण, कोडगु, मैसूर, गडग , दावणगेरे , रामनगरम , बेल्लारी, चिक्काबल्लापुर , यादगीर , बेलगाम, बीजापुर , गुलबर्गा, तुमकुर	**33**
33.	**केरल**	पालघाट, कोल्लम, वायनाड , कोट्टायम, कन्नूर, मलप्पुरम, त्रिशूर, कासरगोड , अल्लेप्पी, एर्नाकुलम, कोझीकोड (कालीकट), तिरुवनंतपुरम, इडुक्की, पथानामथिट्टा ,	**14**
34.	**लक्षद्वीप**	किल्टन द्वीप लक्षद्वीप	**1**
		कुल केवीके	**731**

****

अनुबंध- II

{लोक सभा के दिनांक 17.03.2026 के अतारांकित प्रश्न सं. 3991 का भाग (घ)}

दो कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) वाले जिलों की सूची

क्र.सं.	राज्य/केंद्र शासित प्रदेश	दो केवीके वाले जिलों के नाम	दो केवीके वाले जिलों की संख्या
1.	**हिमाचल प्रदेश**	लाहौल और स्पीति	1
2.	**जम्मू और कश्मीर**	बांदीपुरा	1
3.	**लद्दाख (केंद्र शासित प्रदेश)**	लेह, कारगिल	2
4.	**राजस्थान**	अलवर, चूरू, उदयपुर, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, जयपुर, हनुमानगढ़ , बाड़मेर, नागौर, भीलवाड़ा, जालौर, पाली, सीकर	14
5.	**उत्तर प्रदेश**	सीतापुर, गोरखपुर, बदायूं, बहराइच, गोंडा, सुल्तानपुर, जौनपुर, गाजीपुर, मुजफ्फरनगर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, मुरादाबाद, प्रयागराज, आजमगढ़, रायबरेली	15
6.	**बिहार**	मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, मधुबनी, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गया	6
7.	**पश्चिम बंगाल**	दक्षिण 24 परगना, उत्तर 24 परगना, मालदा, नदिया, मुर्शिदाबाद	5
8.	**ओडिशा**	गंजम, मयूरभंज, सुंदरगढ़	3
9.	**गुजरात**	बनासकांठा , कच्छ , राजकोट	3
10.	**महाराष्ट्र**	अहमदनगर, अमरावती, औरंगाबाद, बीड, जालना, बुलढाणा, जलगाँव, नांदेड़, नासिक, पुणे, यवतमाल, सतारा, सोलापुर, कोल्हापुर, सांगली, नागपुर, थाने	17
11.	**मध्य प्रदेश**	धार, छिंदवाड़ा, सागर	3
12.	**छत्तीसगढ**	दुर्ग	1
13.	**आंध्र प्रदेश**	अनंतपुर, चित्तूर, पूर्वी गोदावरी, गुंटूर, कृष्णा, कुरनूल, नेल्लोर, प्रकाशम , विशाखापत्तनम, पश्चिम गोदावरी, कडप्पा	11
14.	**तमिलनाडु**	विल्लुपुरम	1
15.	**तेलंगाना**	करीमनगर, नलगोंडा, खम्मम, मेडक, महबूबनगर, वारंगल	6
16.	**कर्नाटक**	बेलगाम, बीजापुर, गुलबर्गा, तुमकुर,	4
कुल			**93**

****